प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 30.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- जमशेदपुर में उद्योगपति अपहरण कांड के आरोपियों और पुलिस के बीच मुठभेड़, बाल–बाल बचे थाना प्रभारी, जवाबी कार्रवाई में तीन अपराधी घायल।
- हजारीबाग जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे को लाया गया एसीबी मुख्यालय, आय से अधिक संपत्ति मामले में चार दिनों तक होगी गहन पूछताछ।
- राज्य में रन फॉर रोड सेफ्टी के साथ हुआ सड़क सुरक्षा माह का समापन, यातायात नियमों के प्रति लोगों को किया गया जागरुक।
- महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नई दिल्ली के राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल हुए राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री, झारखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने भी किया नमन।
- बोकारो में 20वीं राज्य स्तरीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता का आगाज, 8 टीमों के 158 जवान अपनी सटीक निशानेबाजी का दिखा रहे कौशल।

********************

जमशेदपुर में चर्चित उद्योगपति अपहरण कांड के आरोपियों और पुलिस के बीच कल देर रात मुठभेड़ हुई। इस दौरान बिष्टुपुर थाना प्रभारी आलोक दुबे बाल–बाल बचे। सिटी एसपी कुमार शिव आशीष ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हथियार बरामदगी के दौरान अपराधियों ने पुलिस की कार्बाइन छीनकर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में तीन अपराधी घायल हुए, जिनका इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है।

********************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे को रिमांड पर लिया है। हजारीबाग जेल में बंद श्री चौबे को आज एसीबी मुख्यालय लाया गया है। जांच एजेंसी अगले चार दिनों तक उनसे गहन पूछताछ करेगी।

********************

धनबाद में मेयर चुनाव को लेकर भाजपा के अंदर हलचल तेज हो गई है। पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने पर्चा दाखिल कर दिया है, जबकि पूर्व विधायक संजीव सिंह ने नामांकन फॉर्म खरीदा है। रमा सिन्हा और प्रमोद लाला ने भी दावेदारी पेश की है। ऐसे में पूर्व विधायक रणधीर सिंह की अध्यक्षता में रायशुमारी बैठक हुई, जिसमें जिसमें झरिया विधायक रागिनी सिंह भी शामिल हुईं। फिलहाल किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पाई है।

********************

हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय में विजन 2047 विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू हुई। इस मौके पर पद्मश्री प्रोफेसर अन्विता अब्बी ने कहा कि संथाली और मुंडा भाषाएं अपनी संरचना के कारण कंप्यूटर प्रोग्रामिंग के लिए सबसे उपयुक्त हैं। उन्होंने जनजातीय भाषा को संजोने पर जोर दिया।

********************

राज्य में सड़क सुरक्षा माह का आज समापन हो गया। इस मौके पर रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया। खूंटी में उपायुक्त आर रॉनिटा और एसपी मनीष टोप्पो की अगुवाई में अधिकारियों व छात्रों ने दौड़ लगाई। डीसी ने घायलों की मदद करने और हेलमेट पहनने की अपील की।

उधर, सरायकेला–खरसावां में भी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का समापन रन फॉर सेफ्टी दौड़ के साथ हुआ।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के प्रमुख मंच–प्रगति ने अपनी 50वीं सफल बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे वर्ष 2015 में शुरू किया था। आज इस विशेष श्रृंखला में बात करते हैं जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत परियोजनाओं पर।

********************

राष्ट्र आज महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि और शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। नई दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत कई केन्द्रीय मंत्रियों ने राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

********************

इधर, झारखंड में भी जगह–जगह श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बापू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। राज्यपाल ने गांधीजी के सत्य और अहिंसा के संदेश को मानवता के लिए प्रेरणादायी बताया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधीजी का जीवन दर्शन और त्याग विश्व के लिए प्रेरणा है और उनके मार्ग पर चलकर ही समृद्ध देश का सपना साकार होगा।

********************

घरेलू शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आज गिरावट का रूख है। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 485 अंक गिरकर 82 हजार 80 पर और निफ्टी 151 अंक गिरकर 25 हजार 268 पर कारोबार कर रहा था।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 67 हजार 2 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत चार लाख 6 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

बोकारो के सेक्टर–12 स्थित जैप–4 परिसर में 20वीं राज्य स्तरीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन जोनल आईजी सुनील भास्कर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में झारखंड पुलिस की कुल 8 टीमों के 158 जवान अपनी सटीक निशानेबाजी का कौशल दिखा रहे हैं। आइजी ने बताया कि यहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट शूटिंग प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

उद्घाटन समारोह में बोकारो एसपी हरविंदर सिंह, सीआरपीएफ के डीआईजी अमित कुमार सिंह और कई अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

*****************